# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

**दिनांक : 13.08.2024** **समय : 1905**

- **स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने के सिलसिले में आज फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया।**
- **स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल शाम सात बजे से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्र के नाम संबोधन प्रसारित किया जाएगा।**
- **सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपवासियों से आज़ादी को संजोये रखने और इसकी रक्षा करने का अनुरोध किया है।**
- **पोर्ट ब्लेयर से क्वालालम्पुर के बीच सोलह नवम्बर से पहली अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू हो सकती है।**
- **निकोबार ज़िले में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए तीन नए डिजिटल सुधार कार्यक्रमों का उद्घाटन किया गया है।**

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने के सिलसिले में आज फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल में सभी टुकड़ियों ने भाग लिया। पन्द्रह अगस्त को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए भी तैयारियां की गई है। यातायात के साथ अन्य प्रबंध भी किए गए हैं। अंडमान निकोबार कमान की ओर से आज से पन्द्रह अगस्त तक फ्लैग प्वाइंट के पास समुद्र में खड़े भारतीय नौसेना, तटरक्षक तथा जहाज़रानी विभाग के जलयानों में रात्रि पांच बजकर पैंतालीस मिनट से दस बजे तक रोशनी की जाएगी और आतिशबाजियां भी होगी। पन्द्रह अगस्त को अंडमान निकोबार कमान के करीब अट्ठहत्तर तैराक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप से मरीना तट तक तैराकी अभियान में भाग लेंगे। कमान के कमांडर इन चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्र के नाम संदेश कल शाम सात बजे से प्रसारित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के दिन पन्द्रह अगस्त को प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन सुबह सात बजकर पांच मिनट से प्रसारित होगा। इन महत्वपूर्ण प्रसारणों को देखते हुए कल शाम का प्रादेशिक समाचार सात बजकर पांच मिनट के स्थान पर कल शाम छः बजकर पैंतालीस मिनट से आरंभ होगा। पन्द्रह अगस्त को प्रादेशिक समाचार सुबह सात बजकर पांच मिनट के बजाय सुबह छः बजकर पैंतालीस मिनट से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपवासियों से आज़ादी को संजोये रखने और इसकी रक्षा करने का अनुरोध किया है। आज पोर्ट ब्लेयर में भारतीय स्टेट बैंक परिसर में संघशासित स्तरीय बैंकर्स समिति की ओर से विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर आयोजित फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर वे अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कठोर यातनाएं और पीड़ा सहने के बाद हमें हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने आज़ादी दिलाई है और एक उज्जवल तथा सशक्त भारत का सपना उन्होंने देखा था। ये हम सभी भारतीयों का कर्तव्य है कि हम वीर सपूतों के बलिदानों को यूं ही व्यर्थ न जाने दें। हमें विघटनकारी तत्वों से सावधान रहने की आवश्यकता है और ऐसे तत्वों से भी सचेत रहना होगा, जो हमारे देश की एकता और अखंडता को तोड़ना चाहते हैं। पड़ोसी देशों में हाल ही में हुए घटनाक्रम पर श्री बिष्णु पद रे ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है और विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हम सभी भारतवासी एकजुट रहे और देश को तोड़ने वाले तत्वों को मुंह तोड़ जवाब दें। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता और ज़िला मार्गदर्शी प्रबंधक पी के उमर फारूख ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने रविवार को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने द्वीपसमूह विशेषकर पोर्ट ब्लेयर में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में दोबारा पत्र सौंपा। अपने पत्र में सांसद ने शहर में बिजली की आपूर्ति को सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हुए बताया कि पोर्ट ब्लेयर में पैंतालीस मेगावाट के आस–पास बिजली की मांग है, लेकिन उत्पादन कम हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से द्वीपसमूह का दौरा करने और मौके पर ही स्थिति का जायज़ा लेने का अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री ने इस वर्ष अक्तूबर में द्वीपसमूह दौरे पर आने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देखो अपना देश अभियान की शुरूआत की है। पर्यटन मंत्रालय ने इस संबंध में एक समर्पित वेब पेज विकसित किया है। माई गॉव प्लेटफार्म पर इस वेब पेज के माध्यम से नागरिक अपने पसंदीदा पर्यटक गंतव्य के लिए वोट कर सकते हैं, जो अलग–अलग श्रेणियों के लिए है। इस अभियान का उद्‌देश्य देश की जनता में जागरूकता उत्पन्न करना और अभियान को बढ़ावा देना है। द्वीपसमूह के निवासियों से भी इस नागरिक सेवा चैनल का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया गया है। दिए गए लिंक पर जाकर वोट किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर से क्वालालम्पुर के बीच सोलह नवम्बर से पहली अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू हो सकती है। भारतीय विमानन प्राधिकरण के निदेशक देवेन्दर यादव ने बताया कि ये सेवा सप्ताह में तीन दिन होगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाया जाएगा। सरकार ने इस योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा है कि इसके लिए कुल आठ सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। इस योजना के अंतर्गत गांव की आबादी पांच हजार और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए दो हजार से अधिक होनी चाहिए।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िले में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए तीन नए डिजिटल सुधार कार्यक्रमों का उद्‌घाटन किया गया है। ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी ने जिला सूचना प्रणाली निशुल्क वाई फाई एक्सेस प्वाइंट तथा हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग, अतिथि गृह, अल्पावधि आवास और क्वार्टर आवंटन के लिए ऑनलाइन सेवाओं का उद्‌घाटन किया। इस प्रक्रिया से अब कार निकोबार, ननकौड़ी और कैम्पबेल बे के लोगों को जरूरी ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध हो पाएंगी। ज़िले में अब सभी सेवाएं और प्रमाणपत्रों को डिजिटल फॉर्मेट में उपलब्ध करा दिया गया है। ज़िले के लोग इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान के तहत ननकौड़ी द्वीप में तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया तथा बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए इनको समर्पित एक नए उद्यान का भी उद्‌घाटन किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त रविन्दर कुमार ने कहा कि हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं, जहां हर बालिकाओं को समान अधिकार और अवसर मिल सके। बाइक रैली के बाद बालिका बगीचा का उद्‌घाटन किया गया। कैम्पबेल बे में भी पुलिस विभाग की ओर से कल तिरंगा बाईक रैली निकाली गई, जो ज़ीरो प्वाइंट से आरंभ होकर जेट्‌टी बाजार होते हुए बाजार में आकर सम्पन्न हुई। सेकेण्डरी स्कूल चेनपुर में आयोजित कार्यक्रम में तटरक्षक के सहायक कमांडर रजनीश और उनकी टीम द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों में तिरंगे का वितरण किया गया। कक्षा नवीं और दसवीं के विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास पर वीडियो भी दिखाई गई।

<><><><><><><>

नशामुक्त भारत अभियान के तहत कल मध्योत्तर अंडमान ज़िले के भी विभिन्न स्कूलों में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रव्यापी इस अभियान के तहत ज़िले की इरका की ओर से सभी स्कूलों में इसका आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किए।

<><><><><><><>